# पारंपरकि नववर्ष त्यौहार

भारत के राष्ट्रपति ने 'चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा, उगादि, चेटी चंड, वैसाखी, विसु, पुथंडु और बोहाग बिहू' त्योहारों की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी।

- वसंत ऋतु के ये त्योहार भारत में पारंपरकि नए साल की शुरुआत का प्रतीक हैं।

## प्रमुख बिंदु

- **चैत्र शुक्लादि:**
  - यह विक्रम संवत के नववर्ष की शुरुआत को चिह्नित करता है जिसे वैदिक [हिंदू] कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है।
  - विक्रम संवत उस दिन से संबंधित है जब सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को हराया और एक नए युग का आह्वान किया।
  - उनकी देखरेख में खगोलविदों ने चंद्र-सौर प्रणाली के आधार पर एक नया कैलेंडर बनाया जिसका अनुसरण भारत के उत्तरी क्षेत्रों में अभी भी किया जाता है।
  - यह चैत्र माह (हिंदू कैलेंडर का पहला महीना) के 'वर्द्धित चरण' (जिसमें चंद्रमा का दृश्य पक्ष हर रात बड़ा होता जाता है) का पहला दिन होता है।
- **गुड़ी पड़वा और उगादि:**
  - ये त्योहार कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र सहित दक्कन क्षेत्र में मनाए जाते हैं।
  - दोनों त्योहारों/समारोहों में आम प्रथा है कि उत्सव में भोजन मीठे और कड़वे मिश्रण से तैयार किया जाता है।
  - दक्षिण में बेवु-बेला नामक गुड़ (मीठा) और नीम (कड़वा) परोसा जाता है, जो यह दर्शाता है कि जीवन सुख और दुख का मिश्रण है।
  - गुड़ी महाराष्ट्र के घरों में तैयार की जाने वाली एक गुड़िया है। गुड़ी बनाने के लिये बाँस की छड़ी को हरे या लाल ब्रोकेड से सजाया जाता है। इस गुड़ी को प्रमुख रूप से घर में या खिड़की/दरवाज़े के बाहर सभी को दिखाने के लिये से रखा जाता है।
  - **उगादि** के लिये घरों में दरवाज़े आम के पत्तों से सजाए जाते हैं, जिन्हें कन्नड़ में **तोरणालु या तोरण** कहा जाता है।
- **चेटी चंड:**
  - सिंधी 'चेटी चंड' को नववर्ष के रूप में मनाते हैं। चैत्र माह को **सिंधी में 'चेत'** कहा जाता है।
  - यह दिन सिंधियों के संरक्षक संत **उदयलाल/झूलेलाल** की जयंती के रूप में मनाया जाता है।
- **नवरेह:**
  - यह कश्मीर में मनाया जाने वाला चंद्र नववर्ष है।
  - संस्कृत के शब्द **'नववर्ष'से 'नवरेह'** शब्द की व्युत्पत्ति हुई है।
  - यह चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आयोजित किया जाता है।
  - इस दिन कश्मीरी पंडित चावल से भरे एक कटोरे के दर्शन करते हैं, जिसे धन और उर्वरता का प्रतीक माना जाता है।
- **सजीबू चैरोबा:**
  - **मेतेईस** (मणिपुर में एक जातीय समूह) एक प्रमुख अनुष्ठान त्योहार है जो **मणिपुर चंद्र माह सजीबू (Manipur Lunar Month Shajibu)** के पहले दिन मनाया जाता है, यह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के महीने में मनाया जाता है।
  - त्योहार के दिन लोग संयुक्त परिवार भोज की व्यवस्था करते हैं जिसमें घरों के प्रवेश द्वार पर स्थानीय देवताओं को पारंपरकि व्यंजन पेश किये जाते हैं।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2018)**

| परंपरा | राज्य |
|---|---|
| 1. चापचर कुट उत्सव | मिज़ोरम |
| 2. खोंगजोम परबा गाथा गीत | मणिपुर |
| 3. थांग-ता नृत्य | सिक्किम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

**उत्तर: (b)**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/traditional-new-year-festivals-1